डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांकः CoE/357/2024 दिनांकः 26/07/2024

कार्यालय आदेश

माननीय कुलपति जी के निर्देशों के अनुपालन में आगरा एवं अलीगढ़ मण्डल के विश्वविद्यालय से सम्बद्ध रहे महाविद्यालयों, जिनके द्वारा वर्ष 2023 एवं पूर्व वर्षों की अंकतालिका एवं उपाधियों को विश्वविद्यालय से प्राप्त नहीं किया है, उनको पुनः अंकतालिका एवं उपाधियाँ प्राप्त करने हेतु एक अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है।

सम्बन्धित महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव को निर्देशित किया जाता है कि वें स्वयं अथवा अपने किसी प्रतिनिधि को नामित कर किसी पहचान पत्र सहित दिनांक 31.07.2024 तक प्रत्येक दशा में अपने महाविद्यालय की उपाधि एवं अंकतालिका प्राप्त (स्थान कुकला हाऊस, पालीवाल परिसर) करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा अर्थदण्ड लगाते हुये नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी, जिसके लिये महाविद्यालय प्राचार्य/प्रबन्धक स्वयं जिम्मेदार होगा।

सम्बन्धित महाविद्यालयों की सूची संलग्न है।

परीक्षा नियंत्रक

<u>प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित</u> :–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
2. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
3. समस्त, उप कुलसचिव/अधीक्षक/प्रभारी।
4. प्रभारी, कुलपति सचिवालय मा० कुलपति जी को सूचनार्थ/संज्ञानार्थ प्रेषित।
5. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त आदेश को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. प्रभारी मीडिया को इस आशय से प्रेषित कि उक्त आदेश को छात्रहित में समस्त दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7. श्री सुखपाल तोमर, 9457777240–अंकतालिका वितरण हेतु।
8. श्री योगेश चौधरी, 8057666661–उपाधि वितरण हेतु।
9. एजेन्सी–2023 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सम्बन्धित महाविद्यालयों को अवगत करने का कष्ट करें।
10. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक